Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-14 **Issue**- 28
Ghaziabad, Sunday, 11 December- 2022

11 December to 17 December- 2022

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB- 80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mo.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 2



Page 5



Page 7




# यूपी में 1440 छात्रों को अटल आवासीय विद्यालयों में मिलेगा प्रवेश

**यूपी न्यूज।** योगी सरकार ने गरीब और वंचित छात्रों को शिक्षा से जोड़ने की जो मुहिम शुरू की है, उसमें दिन पर दिन नए मुकाम जुड़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में पूरे प्रदेश में आगामी एकेडमिक सेशन में 1,440 छात्रों को अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में 2 सेक्शन में कुल 80 छात्रों को प्रवेश दिए जाने की तैयारी है। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय तैयार किए जा रहे हैं। इनमें से 7 बनकर पूरी तरह तैयार हैं। यदि किसी वजह से समय पर बाकी विद्यालय तैयार नहीं हो सके तो बाकी बच्चों को करीब के फंक्शनल आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाएगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष हुई हाई लेवल मीटिंग में यह जानकारी दी गई है। प्रिंसिपल और स्टॉफ की नियुक्ति की प्रक्रिया भी जल्द शुरू कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में कहा था कि अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण की बड़ी कार्रवाई को सरकार ने अपने हाथों में लिया है। प्रदेश के सभी मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए जाने की कार्रवाई राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। प्रथम चरण में प्रदेश की 18 कमिश्नरी में 18 अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश में स्थापित करने जा रहे हैं। प्रदेश की 18 कमिश्नरी मुख्यालय पर 12 से 15 एकड़ के क्षेत्रफल में ये विद्यालय बनेंगे। छात्रों का चयन स्टेट रिजर्वेशन पॉलिसी के



अनुसार किया जाएगा। शुरूआती वर्षों में छात्रों का चयन सीबीएसई के द्वारा किया जाएगा, जबकि बाद में मंडल संचालन समिति छात्रों का चयन करेगी। फिलहाल एडमिशन पॉलिसी का प्रॉसेस पूरा हो चुका है। शासन से अप्रूवल मिलने के बाद नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा और फिर एग्जाम के जरिए चुनिंदा छात्रों की काउंसिलिंग के माध्यम से फाइनल एडमिशन किया जाएगा। संभावना है कि मई 2023 में एग्जाम कंडक्ट कराया जा सकता है और जून 2023 में फाइनल एडमिशन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। आगामी सेशन के लिए स्टॉफ का सेलेक्शन भी जल्द किया जाएगा। परमानेंट स्टॉफ का का सेलेक्शन सीबीएसई के जरिए होगा। प्रत्येक स्कूल में एक प्रिंसिपल, एक एडमिन और 11 टीचर्स का स्टॉफ होगा। टेंपरेरी स्टॉफ के लिए प्रिंसिपल की जो अर्हता रखी गई है, उसके अनुसार अभ्यर्थी नवोदय या सैनिक स्कूल के प्रिंसिपल पद से रिटायर हुआ हो। 60 से 65 की उम्र के बीच अभ्यर्थी का स्वास्थ्य भी अच्छा होना चाहिए। इसी तरह एडमिन के लिए एक्स आर्मी गजटेड ऑफिसर होना अनिवार्य है। उम्र 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसी तरह टीचर्स के लिए नवोदय, सैनिक स्कूल, केवी स्कूल या माध्यमिक के टीचर पद से रिटायर अभ्यर्थी को ही योग्य माना जाएगा। इनकी उम्र भी 60 से 65 के बीच होनी चाहिए। एड-हॉक रिक्रूटमेंट अप्रैल के पहले सप्ताह तक पूर्ण होने की संभावना है।

## मंडल संचालन समिति में कमिश्नर होंगे अध्यक्ष

अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन शुरू होने के बाद छात्रों का चयन और स्कूलों का संचालन और निगरानी मंडल संचालन समिति के जरिए होगी। यह एक तरह से डिस्ट्रिक्ट लेवल मॉनीटरिंग कमेटी होगी जो जनपदों में प्रवेश प्रक्रिया को देखेगी। इस कमेटी में जनपद के कमिश्नर अध्यक्ष होंगे, जबकि डीएम उपाध्यक्ष होंगे। डिप्टी लेबर कमिश्नर सदस्य सचिव होंगे तो बीएसए, डीआईओएस, एडी बेसिक, नवोदय के प्रिंसिपल, अटल आवासीय विद्यालय के प्रिंसिपल एवं एडिशनल कमिश्नर फाइनेंस या चीफ ट्रेजरी ऑफीसर (कमिश्नर द्वारा नॉमिनेटेड) समिति के सदस्य होंगे। उत्तर प्रदेश में निर्माण श्रमिकों और गरीब बच्चों के लिए योगी सरकार ने अटल आवासीय विद्यालय योजना शुरू की है। कई निर्माण श्रमिकों की गरीबी और साधनहीनता के कारण उनके बच्चे स्कूलों में प्रवेश नहीं ले पाते हैं या प्रवेश लेने के बाद अपनी शिक्षा जारी नहीं रख पाते हैं।<

निर्माण-श्रमिकों के ऐसे बच्चों के लिए ही राज्य सरकार अटल आवासीय विद्यालय बना रही है। पंजीकृत निर्माण-श्रमिकों के बच्चों को प्राथमिक-जूनियर हाईस्कूल और माध्यमिक स्तर की शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराते हुए उन्हें गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करना इस योजना का उद्देश्य है। सभी विद्यालय अत्याधुनिक शिक्षा देंगे, वहीं अगर किसी बच्चे की रुचि खेल में है तो स्पोर्ट्स गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य किया जाएगा। अगर किसी बच्चे को पढ़ाई के इतर किसी क्षेत्र में अपना हुनर दिखाने को कोई मंच चाहिए तो उसके लिए भी स्किल डेवलपमेंट के तहत इस संस्थान में उस प्रकार की सुविधा दी जाएगी। विद्यालय में रहने-खाने और सभी प्रकार की सुविधाओं की व्यवस्था शासन द्वारा की जाएगी।

## TIRUPATI EYE

### बिना टीईटी पास अल्पसंख्यक संस्थानों के टीचरों को वेतन नहीं

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय के टीचरों की बगैर टीईटी पास की गई नियुक्ति को प्रथम दृष्टया सही न मानते हुए वेतन देने के एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगा दी है। प्रबंधक की ओर से बिना टीईटी अर्हता के सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय में दो टीचरों की नियुक्ति वर्ष 2012 में की गई थी। एकल जज ने इन दोनों शिक्षकों की नियुक्ति को सही मानते हुए उनकी नियुक्ति की तिथि अगस्त 2012 से साढ़े सात प्रतिशत ब्याज के साथ भुगतान करने का निर्देश दिया था। यह भी कहा था कि भुगतान न करने पर बकाया राशि की वसूली साढ़े बारह फीसदी ब्याज के साथ की जाए। यह आदेश जस्टिस मनोज मिश्रा एवं जस्टिस विकास बुधवार की खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दाखिल विशेष अपील पर पारित किया है। विशेष अपील दायर करके प्रदेश सरकार ने एकल जज के 20 जून 2022 के आदेश को चुनौती दी थी। प्रदेश सरकार की ओर से अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता रामानंद पांडेय का तर्क था कि नि:शुल्क बाल शिक्षा अधिकार कानून 2009 की धारा 23 के अंतर्गत एकेडमिक अथॉरिटी ने प्राइमरी स्कूलों में टीचरों की शैक्षिक अर्हता निर्धारित कर दी है। एनसीटीई ने 20 अगस्त 2010 को अधिसूचना जारी कर पूरे देश में प्राइमरी स्कूलों में टीचरों की नियुक्ति के लिए टीईटी पास होने की शैक्षिक अर्हता निर्धारित कर दी। इस अधिसूचना के अनुसार 20 अगस्त 2010 के बाद प्राइमरी स्कूलों के टीचरों की नियुक्ति के लिए टीईटी अर्हता रखना अनिवार्य कर दिया गया।

# कविनगर के लोगों को 24 घंटे मिलेगी पानी की सप्लाई

**गाजियाबाद।** कविनगर कॉलोनी में रहने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। इलाके के लोगों को नए साल में 24 घंटे पानी की आपूर्ति मिलेगी। इस वार्ड को आदर्श वार्ड बनाकर दिन-रात पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम और जल निगम ने 17 करोड़ की डीपीआर तैयार कर शासन को भेज दी है। इस रकम से कविनगर में बड़े नलकूप और



ओवरहेड टैंक बनाकर सप्लाई के लिए नए संसाधन विकसित किए जाएंगे। केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत बनाई गई इस परियोजना को सरकार से फंड मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। प्रोजेक्ट के तहत अब केंद्र सरकार सरकार ने गाजियाबाद समेत अन्य शहरों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसे शुरू करने के निर्देश दिए हैं। गाजियाबाद में पायलट प्रोजेक्ट के लिए वार्ड-91 को चुना गया है। जल निगम ने इस प्रोजेक्ट की डीपीआर बनाने के लिए जुलाई माह में नगर निगम से क्षेत्र की आबादी का आंकड़ा, पानी आपूर्ति के लिए नलकूप, ओवरहेड टैंक और सीडब्ल्यूआर समेत मौजूद अन्य संसाधनों की जानकारी मांगी थी। जल निगम के अधीक्षण अभियंता वाईपी शर्मा ने बताया कि निगम की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के बाद जल निगम की ओर से क्षेत्र में सर्वे कराकर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की गई है।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
**BUREAU CHIEF**
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

# मुख्य सड़कों व चौराहों पर खुला घूमने वाले निराश्रित पशु लोगों के लिए बने सिरदर्द



**गाजियाबाद।** शहर में जहां-तहां घूमने वाले निराश्रित पशु लोगों के लिए सिरदर्द बने हैं। औद्योगिक क्षेत्र साइट-4,सौर ऊर्जा मार्ग, वसुंधरा, इंदिरापुरम, कौशांबी, डाबर तिराहा, राजेंद्र नगर, लाजपत नगर, शालीमार गार्डन, हिंडन एयरफोर्स रोड जैसे रिहायशी इलाकों की मुख्य सड़कों और चौराहों पर पशुओं का जमावड़ा रहता है।ऐसे में वाहन चालक और राहगीरों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। रात के समय तो लोगों के साथ हादसा होने की आशंका रहती है। दरअसल, यूपी के मुख्यमंत्री का आदेश है कि खुले में घूमने वाले छुट्टा पशुओं को नंदी पार्क और गौशाला में भेजा जाए। लेकिन शहर में सीएम के आदेश का ढंग से अनुपालन नहीं हो रहा है। सौर ऊर्जा मार्ग, साइट-4, वैशाली सेक्टर-4 , कौशांबी की मेन रोड और लिंक रोड पर रोजाना सुबह व शाम को पशुओं का जमावड़ा रहता है। यहां सड़क के बीचोबीच आवारा पशु खड़े रहते हैं।इससे हादसे का डर बना रहता है। लाजपत नगर में रहने वाली सुजाता ने बताया कि कॉलोनी के भीतर पार्कों में सबसे ज्यादा पशु मिलते हैं। राजेंद्र नगर के गोल पार्क, डॉ राम मनोहर लोहिया पार्क आदि सभी जगह यही हाल है। सोशल वर्कर शालिनी सिंह ने बताया कि सेक्टर-2 में भी आवारा पशु से काफी परेशानी हो रही है। निगम में कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है।

### ग्रीन बेल्ट पर भी पशुओं का जमावड़ा

वसुंधरा की ग्रीन बेल्ट, वजीराबाद रोड और हिंडन पुल के पास भी निराश्रित पशुओं की भरमार है। आरोप है कि सुबह के समय कुछ लोग पशुओं को खुला छोड़ देते हैं। इन पशुओं से ग्रीनरी को भी नुकसान हो रहा है और चारों तरफ गोबर की गंदगी भी फैल हुई है। उधर, डॉ अनुज कुमार का कहना है कि निराश्रित पशुओं को पकड़ने के लिए निगम की तरफ से टीम बनी है। शिकायत आने पर टीम मौके पर जाकर पशुओं को पकड़कर नंदी पार्क ले जाती है। जिन इलाकों में पशुओं के जमावड़े की शिकायत है उसका जल्द ही समाधान कराया जाएगा।

# दिव्यांगों ने खेल कूद प्रतियोगिता में किया शानदार प्रर्दशन



**गाजियाबाद।** विश्व विकलांग दिवस पर परम पूज्य आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से संचालित जीवन आशा हॉस्पिटल एवं पुनर्वास केंद्र में दिव्यांगों द्वारा खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । जिसमें अनेक दिव्यांगों ने अपने प्रतिभाओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिताओं में क्रिकेट,बैडमिंटन, रेस रिले रेस, स्पून रेस आदि का आयोजन किया गया।इसके साथ ही दिव्यांगों द्वारा भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी प्रस्तुत की गई। क्रिकेट में यूपी स्टेट कि जूनियर, सीनियर टीम,राजस्थान टीम, और जीवन आशा कि टीम इन चार टीमों ने भाग लिया जिसमें जीवन आशा की टीम प्रथम स्थान पर रही

बैडमिंटन में - मंशापूर्ण क्षेत्र की टीम विजई हुई, रेस में-कपिल देव( प्रथम), अकेंद्र स्पुन रेस-जयकुमार, मोहित पाल रिले रेस-हरिओम, प्रिंस हडल रेस-हरिओम, मोहित, प्रिंस इन प्रतिभागीयों ने विजय प्राप्त कि। विजय टीम एवं खिलाड़ियों को जीवन आशा परिवार के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जीवन आशा परिवार, सौरभ सागर सेवा संस्थान के ट्रस्टी, प्रबंध कार्य कारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल स्वामी बतौर मुख्य अतिथि पधारे साथ ही साथ पुनीत मुल्तानी, बबली, ज्योति, सीए अशोक जैन, जम्बू प्रसाद जैन, संजय जैन, अजय जैन, रिंकू जैन, वीके जैन, प्रदीप जैन, संदीप शास्त्री, धर्मेंद्र जैन, वीरेश जैन, सजल, अमित, सचिन, लकी, वर्धमान जैन, सौरभ, नितीश, संदीप, डॉक्टर सक्सेना, निधि शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**गाजियाबाद।** राजेंद्र नगर स्थित स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल की छात्राओं ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया ।

नेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता वृंदावन में 28 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच में आयोजित हुई। मीडिया प्रभारी ललिता त्यागी ने बताया कि इसमें 10 राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इसमें स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर की दो छात्राओं प्रीति डागर एवं जूही ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और फाइनल में बिहार की टीम को हराकर स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया। दोनों छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन किया। दोनों विजेता खिलाड़ियों को कमलेश खोलकर एवम विशाल सक्सेना का मार्गदर्शन मिला जिससे इन्होंने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया।

विद्यालय की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम गुप्ता , प्रबंधक वीरेंद्र शर्मा, एवम प्रधानाचार्य विशोक कुमार ने बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी।

# आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी कर तीन हजार किलो लहन बरामद की



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री व परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के तहत चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में आबकारी टीम ने लोनी व टीला मोड़ के इलाके में छापेमारी की। अभियान के तहत मथुरापुर, भूपखेड़ी, महमूदपुर, शेरपुर का जंगल तथा हिंडन खादर क्षेत्र आदि स्थानों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान 110 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा करीब 3000 किलोग्राम लहन वरामद हुआ ।अवैध कच्ची शराब को कब्जे में लेकर लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत दो अभियोग पंजीकृत किए गए। वहीं, आबकारी टीमों द्वारा जनपद गाजियाबाद स्थित मैरिज हाल /बैंक्वेट हॉल एवं हाईवे स्थित ढाबों पर चेकिंग की गई। सभी मैरिज हाल/ बैंक्वेट हाल संचालकों को उनके लॉन में गैर प्रांत की शराब पाए जाने में कड़ी कार्यवाही किये जाने एवं बिना लाइसेंस लिए शराब न पिलाने की चेतावनी दी गई । तत्पश्चात जनपद की देशी शराब, विदेशी मदिरा एंव बीयर दुकानों का निरीक्षण किया गया। दुकानों पर स्टॉक का मिलान किया गया एवं बोतलों पर चस्पा क्यू.आर.कोड. को स्कैन किया गया। विक्रेताओं को नियमानुसार दुकान संचालित करने के निर्देश दिए गए।

## एनजीटी की मनाही के बाद भी जलाया जा रहा कूड़ा जलाया

**गाजियाबाद।** मोहन नगर व वसुंधरा जोन में एनजीटी की मनाही के बाद भी कूड़ा जलाया जा रहा है। मंगलवार को खोड़ा अंडरपास के फुटपाथ पर कूड़ा जलाए जाने से लोगों को परेशानी हुई। यहां जहरीला धुआं फैलने से लोगों को सांस लेने में तकलीफ हुई। कॉलोनी में रहने वाले अरविंद पाठक ने बताया कि फुटपाथ के पास खाली जगह पर पॉलिथीन व प्लास्टिक का कचरा फैला रहता है। यहां असामाजिक तत्व आग लगाते हैं और धुएं से आंखों में जलन होने लगती है। वहीं, मोहन नगर जोन में हिंडन एयरफोर्स रोड की ग्रीन बेल्ट के पास भी कूड़ा जलाया गया। यहां राधा कृष्णा मंदिर के सामने काफी कचरा जमा था। आरोप है कि असामाजिक तत्वों ने सोमवार रात को कूड़े के ढेर में आग लगा दी। जिससे लोगों के घरों तक धुआं फैल गया। आरोप है कि निगम में भी इसकी शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी। उधर, जोनल सेनेट्री अधिकारी डीके अग्रवाल ने बताया कि कूड़ा जलाए जाने से पर्यावरण को नुकसान होता है। दोनों जगहों पर ऐसे लोगों को चिंहित किया जाएगा,जो एनजीटी की मनाही के बाद भी कूड़ा जला रहे हैं।

# भारत ही नहीं दुनिया के लिए मॉडल है उत्तर प्रदेशः मिलिंडा गेट्स



**यूपी न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह-संस्थापक मिलिंडा गेट्स ने उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। उत्तर प्रदेश आगमन पर मुख्यमंत्री ने मिलिंडा गेट्स व उनके सहयोगियों के अभिनन्दन किया। विशेष मुलाकात में मिलिंडा गेट्स ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ स्वास्थ्य, पोषण और कृषि के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को और बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। मिलिंडा गेट्स ने कहा कि हाल के वर्षों में यूपी सरकार ने कोविड प्रबंधन और इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर नियंत्रण के लिए जैसा काम किया है, वह एक अनुकरणीय मॉडल है। कोविड की चुनौतियों के बीच यूपी के सघन जनसंख्या घनत्व और विविध सामाजिक चुनौतियों का सामना यहां के नेतृत्व ने जिस प्रकार किया वह अत्यन्त सराहनीय है। इतनी बड़ी और सघन आबादी के बीच वैक्सीनेशन का जैसा काम हुआ, उससे दुनिया को सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा, वित्तीय समावेशन, पोषण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश की कोशिशें प्रेरणा देने वाली हैं। यूपी न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए मॉडल है। यूपी सरकार के साथ फाउंडेशन के गहरे संबंधों की चर्चा करते हुए मिलिंडा गेट्स ने कहा कि स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में हम लंबे समय से यहां काम कर रहे हैं। यह खुशी की बात है कि समाज के सबसे कमजोर और अंतिम व्यक्ति तक हम सुविधा पहुंचाने में सफल हो पा रहे हैं। आने वाले समय मे हम यूपी के साथ अपने संबंधों को और बेहतर करने की मंशा रखते हैं। मिलिंडा गेट्स ने यूपी में प्रभावी ढंग से लागू डिजिटल बैंकिंग सिस्टम की भी सराहना करते हुए कहा कि यूपी में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

# आरक्षण की सूची जारी, कई पार्षदों ने दिखाई दावेदारी

**गाजियाबाद।** नगर निगम समेत जिले की चार नगर पालिकाओं और चार नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की सूची सोमवार को जारी हो गई है। नगर निगम की मेयर सीट 16 साल बाद अनारक्षित हुई है। 2006 से यह सीट दो बार सामान्य महिला और एक बार अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रही है। लोनी और खोड़ा नगर पालिका के अध्यक्ष पद ओबीसी, मोदीनगर का एससी और मुरादनगर पालिका का अध्यक्ष पद अनारक्षित श्रेणी में रखा गया है। वहीं, जिले की चार में से पतला नगर पंचायत का अध्यक्ष पद ओबीसी, निवाड़ी का ओबीसी महिला, फरीदनगर का अध्यक्ष पद महिला श्रेणी में आरक्षित किया गया है। डासना को अनारक्षित श्रेणी में रखा गया है। नगर निगम का मेयर पद अनारक्षित श्रेणी में आने के बाद सामान्य जाति वर्ग के दावेदारों में अपने-अपने राजनीतिक दल से टिकट मिलने की उम्मीद जगी है। लखनऊ से नगर निकायों के अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण सूची जारी होते ही इन दावेदारों ने पार्टी संगठन के सामने उम्मीदवारी की दावेदारी शुरू कर दी है। भाजपा के टिकट पर कई बार पार्षद चुनकर नगर निगम सदन में पहुंच चुके दो पार्षदों ने भी पार्टी के महानगर अध्यक्ष समेत प्रदेश के संगठन मंत्री व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के पास बायोडाटा भेज दिया है।




**गठन के बाद से मेयर सीट का इतिहास**

| वर्ष | आरक्षण | मेयर बने |
|---|---|---|
| 1995 | अनारक्षित | दिनेश चंद गर्ग |
| 2000 | अनारक्षित | दिनेश चंद गग |
| 2006 | महिला | दमयंती गोयल |
| 2012 | ओबीसी | तेलूराम कांबोज व अशु वर्मा |
| 2017 | महिला | आशा शर्मा |

# मोदीनगर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा को ठीक कराने की मांग को लेकर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन



**गाजियाबाद।** मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद की क्षतिग्रस्त प्रतिमा को ठीक कराने की मांग को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं व सफाई निरीक्षक के बीच जमकर नोकझोक भी हुई। पालिका के अधिकारी फंड की कमी के चलते प्रतिमा को ठीक कराने में असमर्थता जता रहे है।

बता दें कि गोविंदपुरी स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इस मांग को लेकर लोगों ने पिछले दिनों भी मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन किया था। उपजिलाधिकारी ने दस दिन के अंदर प्रतिमा को ठीक कराने का आश्वासन दिया था। उपजिलाधिकारी द्वारा दी गई समय सीमा समाप्त होने के बाद भी प्रतिमा ठीक नहीं कराई गई। इससे नाराज होकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सोमवार को एकत्र होकर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे और धरने पर बैठ गए। उनका आरोप है कि महापुरुषों का अपमान किया जा रहा है ,जो किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा। धरने पर बैठे लोगों व नगर पालिका परिषद के सफाई नायक के बीच जमकर नोकझोक भी हुई। पालिका अधिकारियों का कहना है कि फंड की कमी के चलते प्रतिमा को ठीक नहीं करा सकते है। हंगामा बढ़ने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यकर्ताओं को शांत किया। एसडीएम ने फोन पर 15 दिन का समय मांगा गया। इसके बाद कार्यकर्ता शांत हो गए और धरना समाप्त कर दिया। इस मौके पर शुभम शर्मा ,विपुल शर्मा ,रंजत सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# संयुक्त अस्पताल में कई दवाओं के सेंपल जांच में फेल, सीएमओ ने दिए जांच के आदेश

**गाजियाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरादनगर के बाद अब संजयनगर स्थित संयुक्त अस्पताल से लिए गए दो दवाओं के नमूने जांच में मानकों के अनुरुप नहीं पाए गए हैं। एक दवा ब्लड प्रेशर और दूसरी उल्टी को नियंत्रित करने के लिए मरीजों को दी जाती हैं। अस्पताल के उटर ने इसकी सूचना सीएमओ को भेजी तो सीएमओ डा.भवतोष शंखधर ने मंगलवार को इस संबंध में एक आदेश जारी करते हुए जिले के 65 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला एमएमजी और जिला महिला अस्पताल में उक्त दोनों दवाओं के प्रयोग पर तत्काल प्रभाव से रोक



लगा दी है।चीफ फार्मासिस्ट को पत्र भेजकर औषधि ड्रग वेयर हाउस वढटरउछ गाजियाबाद में रखी उक्त दवाओं की कुल संख्या के बारे में शासन को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। पता चला है कि दोनों दवाओं की एक लाख से अधिक टेबलेट अस्पताल और स्टोर पर उपलब्ध हैं। उटड स्तर से जारी आदेश में बताया गया है कि उक्त दोनों दवाओं के सैंपल केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन, भारत सरकार द्वारा लिए गए थे।

जांच में दोनों दवाएं मानक के अनुरूप नहीं पायी गईं।जांच रिपोर्ट के आधार पर संयुक्त अस्पताल के सीएमएस डा. विनोद चंद्र पांडेय ने इन दवाओं के वितरण पर रोक लगाई दी है। बता दें कि शनिवार को रेनीटीडिन टेबलेट का नमूना भी जांच में फेल पाया गया था। यह नमूना सीएचसी मुरादनगर से लिया गया था। इसके अलावा दो और दवाओं के नमूने जांच में फेल पाए गए हैं।

# सीसीएसयू अंतर डिग्री कॉलेज एथलेटिक्स मीट का आयोजन

**गाजियाबाद।** चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय की अंतर डिग्री कॉलेज एथलेटिक्स मीट का एमएमएच डिग्री कॉलेज उपविजेता बना है। गौतमबुद्धनगर के दादरी के एनसीपीई कॉलेज में हुई मीट में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए एमएमएच महिला वर्ग की टीम उपविजेता और पुरुष वर्ग की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। मीट में 400 मीटर बाधा दौड़ में एमएमएच में बीएससी फिजिकल एजुकेशन के मनन कुमार ने स्वर्ण पदक हासिल किया। ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में एमएमएच में बीए की कविता रानी ने स्वर्ण, जबकि चार गुणा 400 मीटर रिले में वंशिका चौधरी, निशिता नीरज, भवि कुमार और सूरज सिंह ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। चार गुणा 100 मीटर रिले में वंशिका चौधरी, निशिता नीरज, कविता रानी और तनु सेन ने रजत पदक, चार गुणा 400 मीटर रिले में उमर सैफी, मनीष कुमार, भवि कुमार और सूरज सिंह ने रजत पदक हासिल किया।

100 मीटर दौड़ में बीएससी फिजिकल एजुकेशन की निशिता नीरज ने रजत पदक प्राप्त किया। अंतिम चार गुणा 100 मीटर रिले में उमर सैफी, मनीष कुमार, भवि कुमार और आशीष सिंह कंडानी ने कांस्य पदक हासिल किया। टीम का कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. पीयूष चौहान ने स्वागत किया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो. डीआर यादव, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. केशव कुमार, चीफ प्रॉक्टर डॉ. योगेंद्र सिंह, टीम मैनेजर डॉ. पवन कुमार, टीम कोच राजकुमार सिंह, डॉ. एचवी गोस्वामी, डॉ. जितेंद्र पाल मौजूद रहे।

# आचार संहिता लागू होने से पहले 150 से ज्यादा लोग हथियार जमा कराने पहुंचे

**गाजियाबाद।** निकाय चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से पहले ही लोग लाइसेंसी हथियार जमा कराने लगे हैं। पांच दिन में करीब 150 से ज्यादा लोग थानों और शस्त्र दुकानों पर हथियार जमा कराने पहुंचे हैं। जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी असलहा जमा कराने के लिए स्क्रीनिंग कमेटी बनाकर लाइसेंस धारकों की समीक्षा करेंगे। मंगलवार को जल निगम के रिटायर्ड चीफ इंजीनियर विनयपाल सिंह कविनगर स्थित शस्त्र दुकान पर अपनी राइफल जमा कराने पहुंचे। उनका कहना है कि पुलिस या प्रशासन से अभी कोई निर्देश नहीं मिले हैं लेकिन उन्हें पता है कि आचार संहिता के दौरान शस्त्र जमा कराना ही होगा तो वह पहले ही जमा कराने पहुंच गए। शस्त्र दुकान संचालित करने वाले दुष्यंत प्रताप सिंह ने बताया कि रोजाना करीब तीन-चार लोग शस्त्र जमा कराने पहुंच रहे हैं। बीते सप्ताह राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों के डीएम और पुलिस मुखिया को पत्र जारी



कर चुनाव के दौरान लाइसेंसी हथियार जमा कराए जाने के लिए स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिए थे। राज्य निर्वाचन आयोग ने नौ दिसंबर तक स्क्रीनिंग कराने के लिए कहा था। निर्वाचन आयोग के इस आदेश के बाद डीएम राकेश कुमार सिंह ने जिले के सभी शस्त्र दुकानदारों को लाइसेंसी हथियार जमा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शस्त्र जमा कराने के लिए 100 रुपये का चालान जमा कराना अनिवार्य किया है। इस चालान फार्म के आधार पर थानों में निशुल्क और शस्त्र की दुकानों पर निर्धारित शुल्क जमा कराकर लोग अपना असलहा जमा करा सकेंगे।

# 15 दिसंबर तक शहर के कई चौराहें होंगे जाममुक्त

**गाजियाबाद।** 10 दिन में शहर के आठ बड़े चौराहों को जाममुक्त कराया जाएगा। इसके लिए पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा ने एसपी ट्रैफिक, सीओ ट्रैफिक के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार की है। इस दौरान प्रमुख रूप से अतिक्रमण, बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा और ऑटो को हटवाया जाएगा। इसके लिए यातायात पुलिस को 131 अतिरिक्त हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल दिए गए हैं। इन्हें एक सप्ताह का यातायात का प्रशिक्षण देकर फील्ड में तैनात किया जाएगा। पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रथम चरण में आठ चौराहे चिन्हित किया गया है। यहां से फुटपाथ पर लगाने वाले रेहड़ी पटरी वालों को हटाया जाएगा, बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा और ऑटो को हटवाकर उन्हें स्टैंड से चलवाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वाहन सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस में पुलिसकर्मियों की कमी को देखते हुए लाइन से 68 हेड कांस्टेबल, 63 कांस्टेबल को भेजा गया है।

# भू-माफिया की लाखों की संपत्ति जब्त

**लोनी।** अवैध कामों से अर्जित की गई भू-माफिया करीब 60 लाख रुपये की संपत्ति पर पुलिस और प्रशासन की टीम ने मंगलवार को कार्रवाई की है। टीम ने अशोक विहार कॉलोनी में भू-माफिया एवं गैंगस्टर पिता पुत्र के घर पर सील लगाई है। वहीं एक बाइक को जब्त किया है।

लोनी तहसीलदार शिवनरेश सिंह ने बताया कि लोनी थाना प्रभारी अजय चौधरी समेत अन्य टीम के साथ अपर जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद लोनी के अशोक विहार कॉलोनी में एक भू-माफिया एवं गैंगस्टर के घर कुर्की की कार्रवाई की है। टीम ने पिता याकूब और पुत्र सलमान के घर को सील कर उस पर सरकारी बोर्ड लगा दिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 14(1) के तहत संपत्ति एक आवासीय प्लाट जिसकी कीमत करीब 60 लाख रुपये और एक बाइक कीमत करीब 25000 रुपये कुर्क किए गए। इन लोगों ने अपने गलत कामों से यह संपत्ति बनाई थी। आरोपी पूर्व में जेल जा चुके हैं। उनके खिलाफ अपर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष वाद विचाराधीन है।

# Editorial

## Why Congress' loss in Gujarat is more telling than its win in Himachall

The Congress can take some solace in pulling ahead of the BJP in Himachal Pradesh. But victory in the hill state pales when seen in the big picture that emerged starkly on Thursday. The scale of Congress defeat in Gujarat and in Delhi — municipal elections results were announced on Wednesday – is dramatic: In Gujarat, its vote share has fallen steeply while its tally in MCD has come down from 31 wards to a mere 9. These results should force the Congress leadership to reflect on the party's inexorably shrinking national footprint, ahead of assembly elections due in states including Karnataka, Madhya Pradesh, Rajasthan and Chhattisgarh in the next few months. In Himachal, less than one per cent vote share separates the winner from the loser. Evidently, BJP rebels, anti-incumbency sentiment on issues such as corruption and low apple prices, disgruntlement over Agnipath and the pension scheme, worked against the Jairam Thakur government, and the absence of a third force — the AAP focused on Delhi and Gujarat — laid the ground for Congress in Himachal. The challenge before the party will be to keep its flock together and build a consensus on the chief ministerial candidate. The drastic Congress defeat in Gujarat overshadows the narrow Himachal win — in the high-stakes Gujarat election, the party appeared to give up the fight even before it started. It was busy dealing with a leadership vacuum at the central level at a time when it should have been focusing on the Gujarat campaign. Rahul Gandhi set out on the Bharat Jodo Yatra instead of joining the battle in Gujarat. Party resources that could have been channeled for the election campaign got pulled in to facilitate his yatra. In contrast, newcomer AAP showed a will to fight, pooled in resources from its strongholds to compensate for its lack of organisation in the state and campaigned vigorously.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

# Impressive Brazil set blockbuster clash with Croatia in quarters with 4-1 win over South Korea



Brazil put on an impressive display of attacking football to crush South Korea 4-1 in the Round of 16 World Cup clash on Tuesday, with a mouth-watering clash against 2018 finalists Croatia awaiting them in the last eight. With this win, Brazil stormed into their 8th consecutive World Cup Quarter Final and their 17th Quarter Final in the World Cup. Brazil took an early lead when Vinicius calmly scored past a horde of South Korean defenders in the seventh minute after receiving a cross from Raphinha. Soon after, Richarlison was brought down by a clumsy kick from Jung Woo-young, and French referee Clement Turpin pointed to the spot. And Neymar converted a first-half penalty for his 76th goal with Brazil and move one shy of Pele's all-time scoring record with the national team. Richarlison made it 3-0 for Brazil in the 29th minute after receiving a pass from Thiago Silva that split the defence, and Paqueta added a fourth goal seven minutes later after arriving in the box just in time to volley home a Vinicius cross. Richarlison made it 3-0 for Brazil in the 29th minute after receiving a pass from Thiago Silva that split the defence, and Paqueta added a fourth goal seven minutes later after arriving in the box just in time to volley home a Vinicius cross. After Lucas Paqueta's fourth-minute volley, the five-time champions played the second half as an exhibition, with only impressive Korean goalkeeper Kim Seung-gyu keeping them out as they prepared for Friday's quarter-final meeting with Croatia. Korea worked tirelessly and bravely to contain the damage, and they were rewarded for their own offensive efforts. Paik Seung-ho smashed in a brilliant long-range shot beyond Alisson 13 minutes from time. This was Seung-Ho's first-ever competitive goal for South Korea in the second half. Following Japan's earlier penalty shootout loss to Croatia and Australia's loss to Argentina, all three Asian Confederation teams were eliminated in the first knockout round. At Stadium 974, there were many banners and shirts honouring PelÃ©, and fans chanted his name and opened a large banner with his image behind one of the goals in the 10th minute of each half. PelÃ© previously wore the No. 10 jersey.

# Cristiano Ronaldo to play for Al-Nassr? KFC takes a dig at former Manchester United player



Weeks after Manchester United terminated Cristiano Ronaldo's contract, reports emerged that the star player has joined Saudi Arabian club Al-Nassr on a two and a half year deal worth 200 million euros per season.

United took the bold step of parting ways with Ronaldo after the 37-year-old's explosive interview, in which he said that he felt betrayed by the club, accused a few senior figures for trying to force him to leave Old Trafford and also said that he does not respect coach Erik ten Hag.

Ronaldo will play for Al-Nassr from January 1, 2023, the Spanish outlet Marca reported. As soon as the news spread, fast food chain KFC took a dig at Ronaldo, saying the Portugal forward would provide "a decent backup" to Cameroon international Vinent Aboubakar, who joined Al-Nassr in July 2021. onaldo, who is currently playing in his fifth FIFA World Cup, has so far scored only one goal in the tournament for Portugal, whereas Aboubakar netted two and assisted one before Cameroon narrowly missed out on the last-16 qualification.

"Cristiano Ronaldo is to leave Manchester United by mutual agreement, with immediate effect. The club thanks him for his immense contribution across two spells at Old Trafford, scoring 145 goals in 346 appearances, and wishes him and his family well for the future. Everyone at Manchester United remains focused on continuing the team's progress under Erik ten Hag and working together to deliver success on the pitch," Manchester United said in a statement.

Meanwhile, Ronaldo in his separate statement said: "Following conversations with Manchester United we have mutually agreed to end our contract early. I love Manchester United and I love the fans, that will never ever change.

However, it feels like the right time for me to seek a new challenge. I wish the team every success for the remainder of the season and for the future," Ronaldo said.

Ronaldo will lead Portugal in the FIFA World Cup Round of 16 match against Switzerland on Tuesday.

# FIFA World Cup 2022: South Korea coach Paulo Bento steps down after losing Round of 16 match to Brazil



Paulo Bento announced that he is stepping down as the coach of South Korea after his side crashed out of the FIFA World Cup 2022 in the Round of 16.

South Korea lost to Brazil 1-4 in the last-16 match at Stadium 974, Doha on Monday.

Bento stated that he had decided to stand down as coach months ago and the decision was not influenced by South Korea's defeat against Brazil.

"From now on we just have to think about the future and it will not be with the national team of the Korean Republic," Bento said at the post-match press conference. "I have just announced it to the players and president, it was a decision set in stone in September and I thanked them for everything they have done. I am proud to have been their manager for more than four years. Now I am going to rest and see what happens next." Bento further said that he was pleased to have worked with a South Korean side that reached the knockout stage for only the third time.

"Brazil deserved to win and of course I am sad for the result but it has been extraordinary what has happened with Korean football over the last four years," he said.

"We were very bold in how we approached the game today - even though we were low on energy (from the team's short turnaround) we were loyal to our style to the end and I was very proud of that."

South Korea's exit following Japan's penalty shootout loss to Croatia and Australia's defeat against Argentina means that all three Asian Confederation teams were eliminated in the first knockout round.

# दीक्षांत समारोह में 300 छात्र-छात्राओं को मिली ज्योतिष की डिग्री, खिले चेहरे



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले के मुरादनगर तहसील क्षेत्र में हिंसाली गांव स्थित पावन चितन आश्रम में मंगलवार को भारतीय ज्ञान शोध संस्थान द्वारा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में प्रोफेसर पवन सिन्हा गुरुजी व टीपी त्यागी ने ज्योतिष की पढ़ाई पूरी कर चुके तीन सौ छात्रों को डिग्री प्रदान की। डिग्री पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर प्रोफेसर पवन सिन्हा ने कहा कि तीन वर्ष के अंदर ज्योतिष सीखना संभव नहीं है। इसका निरंतर अभ्यास करना होगा। उन्होंने कहा कि ज्ञान का नवीनीकरण होता है ,यदि उसका नवीनीकरण नहीं होताा तो ज्ञान मृत हो जाता। उन्होंने कहा कि ज्योतिष को पुरान के साथ साथ वैज्ञानिकता का प्रसार छात्रों को कराना चाहिए। वैज्ञानिकता से ही ज्योतिष व ज्योतिषी का सम्मान बढ़ता है। उन्होंने कहा कि ज्योतिष की पढाई कर चुके छात्रों को शोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्योतिष विद्या भारतीय संस्कृति की रक्षक भी है। इस मौके पर रिटायर कर्नल टीपी त्यागी ने कहा कि ज्योतिष विज्ञान पर आधारित भारतीय ज्ञान है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई चीज ऐसी नहीं है जो देश, काल, पात्र के अनुसार न बदलती हो, ऐसे ही ज्योतिष के कुछ प्राचीन सिद्धांतों को आज के परिवेश के अनुसार बदलना चाहिए। संस्थान की डायरेक्टर डॉ. कतिवा अस्थाना ने बताया कि दीक्षांत समारोह में सन 2018-19 प्रवीण कुमार को स्वर्ण पदक, जितेन्द्र कौशिक को रजत पदक व अनुराधा वधवान ,आरुशिका सिंह ,दिशा गौर ,गीतिका नौहार हर्षा बैजल, शशांक अग्रवाल ,शिखा सिंह को कांस्य पदक दिया गया। सन 2019-20 के प्रणव में मोनिका को स्वर्ण ,अलक को रजत व अमित कुमार को कांस्य पदक दिया गया। सन 2020 -21 में आशीष भल्ला में स्वर्ण ,स्नेही सुहास को रजत ,विदुषा भाई को कांस्य पद मिला। उन्होंने बताया कि सन 2021-22 में प्रणव में शालिनी शुक्ला को स्वर्ण पदक ,भारती अनेजा रजत व संजीना नरुला को रजत पंदक दिया गया। डिग्री पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

# वेतन नहीं मिलने पर मजदूरों ने थाने में पहुंचकर किया प्रदर्शन



**गाजियाबाद।** मोदीनगर के एक प्रतिष्ठित उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों ने वेतन न मिलने के विरोध में मंगलवार दोपहर एक बजे ठेकेदार के खिलाफ थाने में हंगामा किया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर श्रमिकों को शांत कराया।

जिला शाहजहांपुर निवासी रोहित, रजनीश, अवधेश, मनोज, मुकेश, संजीव, धर्मवीर, रमाकांत ,रामबरन तथा कुलदीप मजदूरी करते हैं। श्रमिक रोहित ने बताया कि मोदीनगर का ठेकेदार एक माह पूर्व 15 हजार रुपए मासिक वेतन पर वहां से 14 से अधिक मजदूर लेकर आया था।

ठेकेदार ने सभी श्रमिकों को काम पर लगा दिया। आरोप है कि ठेकेदार ने महीना पूरा होने के बाद भी उन्हें वेतन नहीं दिया। वेतन मांगने पर आरोपी ठेकेदार श्रमिकों को जान से मारने की धमकी दे रहा। श्रमिकों ने बिना वेतन काम करने से इंकार कर दिया। श्रमिकों ने मामले की शिकायत कंपनी के अधिकारियों से भी की, मगर कोई समाधान नहीं हुआ। मंगलवार को श्रमिक एकत्रित होकर थाने पर पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। श्रमिकों का कहना है कि पैसे खत्म होने के कारण अब खाने के भी लाले पड़ रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक पैसे नहीं मिलते हैं, तब तक हम नहीं जाएंगे। चाहे भूख से ही मर क्यों न जाए। हंगामा की सूचना पर सीओ मोदीनगर सुनील कुमार सिंह थाने पहुंचे और श्रमिकों को शांत कराया। उन्होंने थाना प्रभारी से त्वरित कार्रवाई करने को कहा।

# पंजाबी समाज ने मांगा मेयर के लिए टिकट

**गाजियाबाद।** शहर में निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। मेयर और पार्षद के टिकट के लिए प्रत्याशी ऐडी चोटी का जोर लगा रहें हैं। इसी क्रम में मेयर चुनाव में पंजाबी समाज से राजनीतिक दल प्रत्याशी घोषित करने की मांग भी जोर शोर से उठने लगी है। दरअसल, पंजाबी समाज की शहर में 2.50 लाख वोट है।

मगर पंजाबी समाज को राजनीतिक दलों द्वारा किसी भी चुनाव में वरीयता नहीं दी जाती है। यह बातें आरडीसी स्थित होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बजरिया सिख गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान एवं रालोद के वरिष्ठ नेता सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहीं। उन्होंने कहा कि वर्ष-1952 से 1967 तक सरदार तेजा सिंह यहां से पंजाबी समाज के पहले विधायक बने थे। 55 साल से कोई भी पंजाबी समाज का व्यक्ति विधायक एवं सांसद नहीं चुना गया। सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने महापौर चुनाव में पंजाबी समाज को प्रत्याशी घोषित किए जाने की मांग उठाई।



उन्होंने कहा कि महापौर चुनाव में आने वाले ढाई विधानसभा क्षेत्र में पंजाबी समाज के 10प्रतिशत मतदाता आते हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों को महापौर चुनाव में पंजाबी समाज को नेतृत्व देने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंनें पार्षदों के टिकट में भी 10 प्रतिशत पंजाबी समाज को देने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि चुनाव आने पर पंजाबी समाज को पूरी तरह से राजनीतिक दलों द्वारा दरकिनार कर दिया जाता है। उन्होंने महापौर चुनाव में पंजाबी समाज के काबिल लोगों से आगे आने की मांग की। उन्होंने बताया कि 40 से 45 हजार की संख्या में ढाई विधानसभा में पंजाबी समाज के लोग मतदाता है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के लिए चलाया 75 घंटे का अभियान

**गाजियाबाद।** नगरीय निकाय क्षेत्र को सुंदर बनाने के लिए आगामी 12 दिसंबर तक तक चलाए जा रहे नगर सुशोभन अभियान के तहत प्रतिबद्ध 75 घंटे के इस अभियान के चलते पिलर एवं अन्य स्थानों पर सुंदर पेंटिंग कराई गई है। एडीएम प्रशासन एवं लोनी नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी ऋतु सुहास ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के तहत कूड़ा स्थलों को साफ करते हुए लोनी क्षेत्र में दीवारों और पिलर की पेंटिंग कराई गई।

इससे क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर संदेश जाए। उन्होंने बताया कि नगर सेवा अभियान के तहत गार्बेज वल्नरेबिल प्वाइंट को स्थाई रूप से विलोपित कर स्वच्छ स्थान बनाया जा रहा है ताकि यहां पर लोग कूड़ा न डालें। लोनी में 75 घंटे के अभियान के तहत स्वच्छता बनाए रखने के लिए यह पेंटिंग कराई गई है। इससे लोगों को संदेश देने के साथ ही सुंदरता बनी रहें। इस दौरान साफ-सुथरा बनाए गए सभी कूड़ा स्थलों को




चिन्हित कर सुंदरीकरण किया जा रहा है। जिससे फिर से यह कूड़ा स्थलों के रूप में परिवर्तित न हो सकें। सभी जगहों, स्थानों की साफ सफाई स्थाई, बच्चों के लिए खेलकूद का स्थान बनाया जा रहा है। वहां पर रंगोली बनाकर गमले, फूलों के पौधे लगाए गए है। दीवारों की रंगाई पुताई, पेंटिंग, सेल्फी प्वाइंट बनाने का कार्य किया जा रहा है। सभी कार्यों में स्थानीय शैक्षणिक संस्थाओं, आर्ट्स के बच्चों, सामाजिक संगठनों एवं एनजीओ का भी सहयोग लिया जा रहा है। नर्सरी में रखें हुए गमलों को स्कूलों एवं सार्वजानिक स्थलों को सुंदर स्वच्छ बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात के आदेश के तहत लोनी क्षेत्र में सुंदरता बनाए रखने के लिए यह दीवारों और पिलरों पर पेंटिंग कराई गई है। वहीं, कूड़ा स्थलों को खत्म कर वहां पर विलोपित स्थान बनाने का कार्य भी कराया जा रहा हैं। ताकि यहां पर फिर से कूड़ा न डालें।

# विवादित जमीन पर चला जिला प्रशासन का शिकंजा, घंटों तक चला बुल्डोजर

**गाजियाबाद।** हरसांव में विवादित जमीन पर जिला प्रशासन और नगर निगम ने गुरुवार को जेसीबी चलवा दी। इस जमीन पर हरसांव गांव के मृतकों के शवों का अंतिम संस्कार होता था। आसपास बसी कॉलोनी के लोग इसका विरोध करते थे। नगर निगम का साफ कहना है कि ये जमीन हमारी है और बिना अनुमति यहां पर कोई काम नहीं हो सकता। इसे लेकर ग्रामीणों और पुलिस में खूब भिड़ंत हुई। पुलिस कई ग्रामीणों को उठाकर गाड़ी में डालकर ले गई है। मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों के अलावा पुलिस फोर्स



इकट्ठा है और तनाव बरकरार है। विजयनगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर में अंत्येष्टि स्थल है। सदियों से यहां पर हरसाव गांव के मृत लोगों के अंतिम संस्कार होते रहे हैं। ग्रामीणों का दावा है कि राजस्व अभिलेखों में ये जमीन अंत्येष्टि स्थल के नाम दर्ज है। फरवरी-2022 में नगर निगम ने जमीन पर लगा अंत्येष्टि स्थल का बोर्ड हटा दिया। नगर निगम का कहना था कि अब इस जगह के पास सोसाइटी विकसित हो चुकी है। इधर, शास्त्रीनगर के लोग इसे पार्क की जमीन बताते हैं। दोनों पक्षों के अपने-अपने दावे हैं। नगर निगम ने जांच की तो ये जमीन निगम की पाई गई। अभिलेखों में लिखा मिला कि इस जमीन पर निगम की बिना अनुमति कुछ नहीं हो सकता।

जमीन को लेकर दो पक्षों में बनी टकराव की स्थिति के बीच जिला प्रशासन, नगर निगम और कई थानों की फोर्स इस जमीन पर अपना कब्जा करने के लिए गुरुवार को पहुंची। इधर, हरसांव गांव के सैकड़ों लोग भी आ गए। निगम की टीम जेसीबी लेकर आई थी, ताकि वहां किसी भी तरह के निर्माण कार्य को ध्वस्त कर जमीन के चारों तरफ गहरी खाई खोदी जा सके, जिससे वहां कोई नहीं जा पाए। जैसे ही जेसीबी चलनी शुरू हुई, ग्रामीणों ने विरोध कर दिया। इस पर पुलिस फोर्स ने कई लोगों को कस्टडी में ले लिया। गाड़ी में बैठाने के दौरान पुलिस की ग्रामीणों से हाथापाई भी हुई।

# शिल्पा शिंदे छह साल बाद एक बार फिर डेली सोप में बिखेरेंगी अपना जादू

**नई दिल्ली।** भाबी जी घर पर हैं में नजर आ चुकीं शिल्पा शिंदे एक लम्बे समय तक टेलीविजन से दूर रहने के बाद कलर्स के डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' में नजर आई थीं। हालांकि 4 से 5 हफ्तों बाद उनका सफर झलक दिखला जा में खत्म हो गया था। साल 2001 में अपने टेलीविजन करियर की शुरूआत करने वालीं शिल्पा शिंदे ने एक लम्बे समय तक एंड टीवी के शो में अंगूरी भाबी बनकर अपने शानदार अभिनय और डायलॉग डिलीवरी से फैंस के दिलों पर राज किया है और अब एक बार फिर से शिल्पा शिंदे पूरे छह साल बाद इस टेलीविजन शो से टीवी पर धमाकेदार वापसी कर रही हैं। शिल्पा शिंदे टेलीविजन पर सब टीवी के सफल



शो मैडम सर से वापसी कर रही हैं। ई-टाइम्स में छपी रिपोर्ट्स की मानें तो शिल्पा शिंदे ने खुद इस खबर को कंफर्म किया है। शिल्पा ने खास बातचीत करते हुए कहा, 'हां मैं मैडम सर का पार्ट बनने वाली हूं। यह शो पिछले काफी समय से टीवी पर ऑन एयर है और इस शो को इसकी साफ-सुथरी मजेदार कॉमिडी के लिए काफी सराहा जाता है। इस ऑफर को नकारा नहीं जा सकता'। शिल्पा ने अपने किरदार के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, 'मेरा किरदार पुलिस का है, जो अपनी जॉब को छोड़ देती है और अपने सपनों को जलाकर शादी पर फोकस करती है। उसके सपने अभी भी अधूरे हैं। वह एक लम्बे समय और कई सालों के बाद एक बार फिर से अपनी ड्यूटी पर वापस लौट रही है। आगे की कहानी उसके जॉब पर वापस लौटने और मौजूदा स्थितियों पर उसकी प्रतिक्रिया पर ही आधारित है। शिल्पा शिंदे अपनी बातचीत को आगे बढ़ाते हुए शो के टाइटल को लेकर कहा, 'शो का टाइटल काफी कैची है और मैं इससे खुद को कनेक्ट कर सकती है। जिन्होंने ने भी मेरे साथ मेरे घर पर काम किया है वह मुझे 'बॉस' और सर कहकर बुलाते हैं, क्योंकि वह मुझे काम पर जाते हुए देखते हैं। आपको बता दें कि इससे पहले शिल्पा शिंदे ने 'भाबी जी घर पर हैं में अंगूरी भाबी के किरदार को काफी सालों तक निभाया था। इस किरदार ने एक्ट्रेस को घर-घर में पहचान दिलाई थी। हालांकि लम्बे समय तक ये किरदार निभाने के बाद शिल्पा शिंदे की मेकर्स से बहसबाजी होने के बाद उन्होंने इस शो को अलविदा कह दिया था। शिल्पा शिंदे का टेलीविजन पर एक लंबा करियर रहा है। उन्होंने साल 2001 'कभी आए ना जुदाई' सीरियल से अपनी शुरूआत की थी। इसके बाद उन्होंने आम्रपाली, तुम बिन जाऊं कहां, भाभी, हातिम, रब इश्क ना होवे जैसे शोज में काम किया। टेलीविजन शोज में काम किया। इसके अलावा शिल्पा शिंदे कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।

# दुनियाभर में फेमस है काजोल की बेटी नीसा देवगन


**नई दिल्ली।** काजोल और अजय देवगन की बेटी नीसा सोशल मीडिया पर काफी छाई रहती हैं। नीसा सोशल मीडिया से भी दूर हैं, लेकिन फिर भी काफी पॉपुलर है। वह लोगों के बीच वह काफी फेमस हो रही है और ये हम नहीं बल्कि खुद एक्ट्रेस काजोल का कहना है। जी हां काजोल और अजय को भी लगने लगा है कि उनकी बेटी स्टार बन रही है। नीसा की मां काजोल ने बताया कि उनकी बेटी भारत ही नहीं बल्कि विदेशो में भी अच्छी फैन फॉलोइंग है। इसी से जुड़ा सिंगापुर का एक किस्सा उन्होंने अपने इंटरव्यू में शेयर किया है। टंरुँ ी क्ल्ल्र्ं को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि पहले के दौर में- कोई सोशल मीडिया नहीं था, इसलिए मुझे लगता है कि बच्चों के रूप में हमारे लिए जीवन बहुत आसान था। हां, लोग जानते थे कि मैं तनुजा की बेटी हूं, लेकिन ऐसा नहीं जितना आज है। इसी के साथ उन्होंने अपने बेटी नीसा को लेकर कहा कि आज नीसा काफी फेमस है और सिंगापुर में कई बार फैन्स ने उन्हें रोककर ऑटोग्राफ लिया है। काजोल ने अपने समय से इसकी तुलना भी की और बताया कि फिल्मों में आने से पहले लोग ज्यादा लोग उन्हें नहीं जानते थे और इसी वजह से उन्हें ट्रैवल करने की आजादी थी। जब तक मैंने फिल्मों में काम नहीं किया था तो मैं अगर



लंदन वगैरह जैसी जगहों पर जाती थी तो बहुत लोग हमें नहीं जानते थे। दरअसल, नीसा देवगन का जन्म 20 अप्रैल साल 2006 में हुआ था। हाल ही में नीसा की कुछ तस्वीर सामने आई थी, जिसमे वह अल्फ्रेस्को-स्टाइल थैंक्सगिविंग पार्टी में डांस करती दिखी। इस पार्टी में वह अपने दोस्तों संग शामिल हुईं, जिसमें ओरहान अवात्रामणि भी थे। काजोल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सलाम वेंकी को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 9 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में विशाल जेठवा, राहुल बोस, राजीव खंडेलवाल, प्रकाश राज और अहाना कुमार अहम भूमिका में हैं। जबकि आमिर खान भी कैमियो रोल प्ले करते नजर आएंगे। सलाम वेंकी मां सुजाता (काजोल) और उसके बेटे वेंकी (विशाल जेठवा) पर आधारित है। सुजाता का बेटा मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से जूझ रहा है और अपनी जिंदगी के एक-एक पल के लिए मौत से लड़ रहा है।

# तलाक के बाद इस मॉडल पर आया हनी सिंह का दिल

रैपर हनी सिंह अक्सर ही अपने गानों को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं, लेकिन इस बार वह अपनी लेडी लव को लेकर चर्चा में आ गए हैं। हनी सिंह की जिंदगी में एक बार फिर प्यार ने दस्तक दी है। शालिनी तलवार से तलाक के बाद रैपर का दिल मॉडल टीना ठडानी पर आया है। हाल ही में एक इवेंट में हनी सिंह को उनकी नई गर्लफ्रेंड के साथ स्पॉट किया गया। इवेंट में हनी टीना का हाथ थामे नजर आए। सोशल मीडिया पर हनी सिंह का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, हनी सिंह को दिल्ली में आयोजित एक इवेंट में अपनी नई गर्लफ्रेंड टीना ठडानी के साथ स्पॉट किया गया। यहां वह सबके सामने वह टीना का हाथ थामे नजर आए। दोनों पब्लिकली पहली बार साथ नजर आए, ऐसे में लग रहा है कि सिंगर ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर दिया है। इस दौरान हनी सिंह व्हाइट शर्ट, ब्लैक पैंट और ब्लेजर में हैंडसम लगे, तो टीना ब्लैक थाई हाई स्लिट ड्रेस में स्टनिंग लग रही थीं। टीना के हाथ में



यूजर्स ने एक महंगे ब्रांड का पर्स देखा, जिसकी कीमत 2.5 लाख बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर हनी सिंह और टीना ठडानी के इस वीडियो पर फैंस कमेंट कर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'वाह भाई आपके ही मजे हैं, काफी खुश हूं कि आप खुश हैं, नई गर्लफ्रेंड के लिए मुबारक।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'वाइफ सही बोल रही थी, आपकी गर्लफ्रेंड है।' वहीं, एक अन्य ने कहा, 'तभी तलाक हुआ क्योंकि नई गर्लफ्रेंड से मिलवाना था।' इसके अलावा हनी सिंह को फिर से पुराने अवतार में देख फैंस खुश भी हो रहे हैं कि अब वह गुड शेप में वापस आ गए हैं। बता दें कि हनी सिंह के साथ नजर आई रहीं मॉडल को टीना ठडानी कहा जा रहा है, जो उनके साथ 'पेरिस का ट्रिप' गाने में नजर आई थीं। वहीं, हनी सिंह का शालिनी तलवार से 2022 में तलाक फाइनल हुआ है। शालिनी ने हनी सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि हनी सिंह ने उनके साथ मारपीट की और मोशनली और मेंटली बुरी तरह तोड़ा। साथ ही धोखा देना और पैसों का फ्रॉड करने की बात भी कही। वहीं, हनी सिंह ने इन सभी आरोप को गलत बताया था।

# मलाइका ने किया था शादी के लिए प्रपोज, अरबाज की बताई खूबियां


**मुंबई।** सिनेमा जगत के बहुत कम ही कम सितारे अपनी व्यक्तिगत जिंदगी के बारे में सार्वजनिक तौर पर बात करना पसंद करते हैं। इनमें से एक हैं मलाइका अरोड़ा। एक्ट्रेस का चैट शो मूविंग विद मलाइका हाल ही में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर शुरू हुआ है, जहां मलाइका अपनी पर्सनल लाइफ के तल्ख और खूबसूरत अनुभव दोनों पर बात करते हुए नजर आ रही हैं। शो के पहले एपिसोड में उन्होंने अपनी शादी और तलाक पर बात की। मलाइका अरोड़ा ने साल 1998 में अभिनेता अरबाज खान के साथ शादी की थी। करीब 18 वर्षों तक साथ रहने के बाद दोनों साल 2016 में अलग हो गए और साल 2017 में तलाक ले लिया। इस शो में उन्होंने अपनी दोस्त और कोरियोग्राफर फराह खान से बातचीत में कहा, ह्यआप विश्वास करो या नहीं, प्रपोज मैंने किया था, अरबाज ने नहीं। मैंने उनसे कहा था कि मैं शादी करना चाहती हूं क्या आप तैयार हो? उन्होंने बहुत विनम्रता के साथ मुझसे कहा कि दिन (शादी की) और जगह आप ही तय कर लो।

# सूर्य नमस्कार करते वक्त जरूर बरतें ये सावधानियां

सूर्य नमस्कार का अभ्यास 8 साल की उम्र से लेकर हर उम्र के लोग कर सकते हैं. इसे करते वक्त कुछ सावधानी बरतना बहुत जरूरी होता है। अगर आपकी कमर में दर्द है तो आप पादहस्तान करते वक्त आगे की तरफ पूरी तरह झुकने का प्रयास ना करें. ऐसा करने से दर्द और बढ़ सकता है. अगर आपके घुटनों में दर्द है तो आप मोटा तौलिया घुटनों के नीचे रखकर या मोटे मैट का इस्तेमाल करें। हार्ट पेशेंट हैं तो बहुत अधिक तेजी में सूर्य नमस्कार का अभ्यास नहीं करना है। बेहतर होगा कि आप डॉक्टर की सलाह के बाद ही इसका अभ्यास करें। सूर्य नमस्कार करने से पूरे शरीर में बेहतर तरीके से ब्लड सकुर्लेशन होता है और ये शरीर में एनर्जी को बढ़ाता है. इसका सही तरीक सभी को जान लेना चाहिए।

## इस तरह करें शुरूआत

सबसे पहले पद्मासन में बैठकर दोनों हाथों की उंगलियों को इंटरलॉक कर ऊपर की ओर स्टेच करें। पूरे शरीर का सीधा रखें और 1 से 10 तक गिनती करें। अब ध्यान



की मुद्रा में बैठें और बंद आंखों से अपनी आती जाती सांस पर ध्यान केंद्रित करें। इसके बाद शरीर को सूर्य नमस्कार के अभ्यास के लिए तैयार करने के लिए वार्मअप व्यायाम करें।

**प्रणामासन-** अपने अपने मैट पर सीधे खड़े हो जाएं। दोनों हाथों को मिलाकर प्रणाम की मुद्रा बनाएं। कमर गर्दन सीधी रखें और 2 से 3 बार गहरी सांस लें।

**हस्तउत्तनासन-** अब दोनों हाथों को आगे से उठाते हुए सिर के ऊपर ले जाएं। हाथों को प्रणाम करने की मुद्रा में ही पीछे की तरफ झुकने का प्रयास करें।

**पादहस्तासन-** धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें। अपने हाथों से पैरों की उंगलियों को छुएं। इस मुद्रा में आपका सिर घुटनों से मिलाने की कोशिश करें।

**अश्व संचालनासन-** अब एक पैर को पीछे की तरफ ले जाएं। घुटना जमीन पर रखें। दूसरे पैर को मोड़ें और अपनी हथेलियों को जमीन पर रखें। ऊपर सिर रखकर सामने की ओर देखें।

**दंडासन-** गहरी सांस लें। अपने दोनों हाथों और पैरों को सीधा करें और एक लाइन में रखें। अब पुशअप करने की अवस्था में आ जाएं और कुछ देर होल्ड करें।

**अष्टांग नमस्कार-** अब धीरे से अपनी हथेलियों, सीना, घुटने और पैरों को जमीन से सटाएं। इस अवस्था में होल्ड रहें।

**भुजंगासन-** अब अपनी दोनों हथेलियों को जमीन पर रखे रहें और दोनों हाथों के बीच से शरीर के अगले हिस्से को आगे की तरफ उठाकर रखें।

**अधोमुख शवासन-** अब अपने पैरों को जमीन पर सीधा रखें और कूल्हे को ऊपर की ओर उठाएं। अपने कंधों को सीधा रखते हुए अपनी नाभी की तरफ देखें और अब पूरी प्रक्रिया को दोहराएं।

# नोएडा की सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट सोसायटी के फ्लैटों में अविवाहितों को रहने के लिए नहीं मिलेगा आसरा

**नोएडा।** सेक्टर-93ए स्थित सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट सोसायटी के फ्लैटों में किराए पर अविवाहित नहीं रहेंगे। सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट सोसाइटी की एओए ने ऑनर्स को ई मेल भेज कर फरमान सुनाया है। साथ ही 31 दिसंबर तक फ्लैट खाली करवाने के निर्देश दिए हैं। सोसायटी की तरफ से जारी आदेश की सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना हो रही है। यहां तक की एओए की तुलना तालिबानियों से की जा रही है। बावजूद इसके एओए अपने फैसले पर अड़ी हुई है। सोसायटी की एओए ने फ्लैट




ऑनर को ई मेल भेजा है कि रेंट पर रह रहे बैचलर्स, छात्र-छात्राओं से 31 दिसंबर तक फ्लैट खाली करवाना होगा। सोसायटी में यह मेल 15 नवंबर को सभी को भेजा गया है। अध्यक्ष के इस आदेश के बाद विवाद खड़ा हो गया है। इस नोटिस के बाद से कुछ लोग इसके पक्ष में हैं, तो कुछ विपक्ष में। यह मामला अब राज्य महिला आयोग तक भी पहुंच गया है। वहीं सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट की एओए अध्यक्ष उदयभान सिंह ने बताया कि फैसला सभी की मर्जी से लिया गया है। कानून के मुताबिक ही इस फरमान को जारी किया है। लोगों को इससे काफी परेशानियां हो रही हैं। एक फ्लैट में 10-10 लोग रह रहे हैं। आधी रात को शोर शराबा हो रहा है। इससे कई लोगों को परेशानी हो रही है। जो कि ठीक नहीं है। मामले को बड़ा बनाया जा रहा है। फैसला लोगों की सहमति और कानून के अनुरूप लिया गया है इस वजह से फैसला वापस नहीं लिया जाएगा। सोशल मीडिया पर इस फैसले को लेकर जमकर आलोचना हो रही है। ट्विटर पर लोगों ने इस फैसले को लेकर एओए को घेरा है। श्वेता भारती ने कहा कि जो गलतियां करता है सजा उसे मिलनी चाहिए ना कि सभी को। हर किसी को एक तराजू से नहीं तौला जा सकता। त्रिवेंद्र सिंह लिखते हैं कि अब यह तालिबानी कहां से आ गए। वहीं नोएडा सिटिजन नाम के एक पेज पर इस फैसले को गलत बताया गया है।

# बिना योग्यता के एलोपैथी क्लिनिक चलाने से निर्दोष नागरिकों के जीवन को खतरा



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि बिना योग्यता के एलोपैथी क्लिनिक चलाने वाला व्यक्ति निर्दोष नागरिकों के जीवन को खतरे में डाल रहा है। यदि उसके खिलाफ जांच व उचित कार्रवाई नहीं की गई तो उसे क्लीनचिट देने के समान होगा। अदालत ने ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ दिल्ली मेडिकल काउंसिल (डीएमसी) द्वारा दायर अपील को स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने संबंधित एसएचओ को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जब तक वह मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं हो जाता है, तब तक वह एलोपैथिक दवा की प्रैक्टिस न करे। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि मेरा विचार है कि अपील की अनुमति दी जानी चाहिए। प्रतिवादी के खिलाफ आरोप बहुत गंभीर प्रकृति के हैं। प्रतिवादी आवश्यक चिकित्सा योग्यता नहीं होने के बावजूद चिकित्सा पद्धति के एलोपैथिक रूप में लिप्त है और निर्दोष नागरिकों के जीवन को खतरे में डाल रहा है। अदालत ने निचली अदालत के 2017 के आदेश को चुनौती देने वाली डीएमसी की अपील को स्वीकार कर लिया, जिसमें व्यक्ति के खिलाफ गैर-पेशी और गैर-अभियोजन की शिकायत को डिफॉल्ट रूप से खारिज कर दिया गया था।

उच्च न्यायालय ने कहा कि न तो व्यक्ति ने डीएमसी के कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया है और न ही उसने अपनी योग्यता के समर्थन में कोई दस्तावेज दिया है। अदालत ने कहा कि अपीलकर्ता (डीएमसी) ने कानून के अनुसार कार्रवाई की है, लेकिन गैर-अभियोजन के कारण यह प्रतिवादी को क्लीनचिट देने के समान है। हाईकोर्ट ने भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अशनीर ग्रोवर व उनकी पत्नी को समन जारी किया। यह समन भारतपे की उस याचिका पर जारी किया गया है, जिसमें ग्रोवर एवं उनकी पत्नी को कंपनी के खिलाफ मानहानि वाले बयान देने से रोकने का आग्रह किया गया है। भारतपे ने ग्रोवर और उनकी पत्नी पर कोष में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। कोर्ट ने ग्रोवर, उनकी पत्नी माधुरी जैन और तीन अन्य संबंधियों को याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है। साथ ही सुनवाई जनवरी के लिए स्थगित कर दी। कंपनी ने अपनी याचिका में मांग की है कि कोष में कथित हेरफेर की वसूली और इसके ब्याज समेत कंपनी की प्रतिष्ठा को पहुंचे नुकसान के एवज में ग्रोवर एवं अन्य को ब्याज समेत 88.67 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करने का निर्देश दिया जाए।

# भारत विकास परिषद ने मरीजों की जांच के लिए लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के नवीन पार्क स्थित उत्तम भवन मेंभारत विकास परिषद साहिबाबाद के द्वारा संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत कैंसर एंड हार्ट केयर एसोसिएशन के सहयोग से एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें मरीजों के ब्लड शुगर ,बीपी, थायराइड, बीएमडी( हड्डियों की जांच )एनालाइजर के साथ-साथ आंखों की जांच भी की गई। जिसमें आवश्यकतानुसार फ्री में चश्मा दिया क्या और मोतियाबिंद पाए जाने पर आगे इसका शिविर लगाने की भी सहमति दी गई। इसके साथ ही महिलाओं को स्तन कैंसर से सावधान रहने की तरफ एक कदम बढ़ाते हुए मैमोग्राफी कैंप का भी आयोजन किया गया। इसमें करीब 25 विशेषज्ञों की टीम द्वारा यह कैंप सुबह 10:00 से 3:30 बजे तक चला और लगभग ढाई सौ लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए पहुंचे थे। धरमशिला नारायण सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर डेनी गुप्ता के द्वारा सभी प्रकार के कैंसर के प्रति जागरूकता विषय पर चर्चा हुई। इस कैंप में भारत विकास परिषद साहिबाबाद से कुलभूषण, साहिबाबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं परिषद के सक्रिय सदस्य प्रवीण भाटी, बृजेश जादौन , इंद्रमणि अग्रवाल, रश्मि गुप्ता, प्रांतीय अध्यक्ष पंकज सक्सेना, पवन गौतम ,मुक्ता अग्रवाल आभा जिंदल, अनिरुद्ध अग्रवाल एमपी अरोड़ा ,योगेश कंसल, अरुण शर्मा अंजू गुप्ता , सेतु अग्रवाल , शोभा गुप्ता, शिल्पा जैन, विशाखा अग्रवाल, हरीश गर्ग ,अमित गुप्ता आदि मौजूद रहें।

# आप को जल्द मिलेगा राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) को निर्वाचन आयोग से आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता मिलने के बाद अब पार्टी राष्ट्रीय राजधानी में केंद्र सरकार से कार्यालय के लिए स्थान पाने की हकदार होगी। पार्टी का दीन दयाल उपाध्याय मार्ग में पहले से एक कार्यालय मौजूद है, यह स्थान दिल्ली सरकार द्वारा आवंटित किया गया है। राष्ट्रीय दल का अध्यक्ष भी सरकारी आवास पाने का पात्र होता है। तत्कालीन केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा 31 जुलाई, 2014 को एक कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है, हराष्ट्रीय राजनीतिक दलों, जिन्हें भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा इस रूप में मान्यता दी गई है, को एफआर 45ए के तहत लाइसेंस शुल्क के भुगतान अर्थात सामान्य लाइसेंस शुल्क के भुगतान पर अपने कार्यालय उपयोग के लिए दिल्ली में सामान्य पूल से एक आवासीय इकाई के आवंटन को बरकरार रखने/उपलब्ध करने की अनुमति दी जाएगी। नियमों के अनुसार, यदि किसी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष के पास पहले से ही सरकारी आवास है, तो उसे अन्य आवास आवंटित नहीं किया जाएगा। आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में पॉश सिविल लाइंस इलाके में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित एक आधिकारिक बंगले में रहते हैं। गुजरात विधानसभा चुनाव के नतीजे बृहस्पतिवार को घोषित हुए, जिसमें आम आदमी पार्टी ने 12 ।92 प्रतिशत वोट के साथ पांच सीट पर जीत हासिल की।

# अवैध निर्माण के चलते फार्म हाउस पर लगी सरकारी सील

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेश के बाद सोहना में दमदमा झील के संरक्षित क्षेत्र में फार्म हाउस पर की गई सीलिंग की कार्रवाई के बाद अधिकारी मौन हो गए हैं। उपरोक्त फार्म हाउस अमरीक सिंह नामक एक पंजाबी गायक का बताया जाता है। यह भी चर्चा है कि अमरीक सिंह पंजाबी दलेर मेहंदी के भाई हैं, जोकि मीका के नाम से प्रसिद्ध हैं। अरावली क्षेत्र में दमदमा झील का भी क्षेत्र संरक्षित है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण अवैध है। इसके बावजूद कुछ लोगों ने यहां अवैध रूप से फार्म हाउस बना रखे हैं। इन्हीं फार्म हाउस में से तीन फार्म हाउस का मामला एनजीटी में विचाराधीन था। एनजीटी में सोन्या घोष बनाम हरियाणा सरकार का मामला



विचाराधीन था। अब एनजीटी ने सरकार के पक्ष में आदेश दिया। एनजीटी के आदेश के बाद बीते मंगलवार को डीटीपी प्रवर्तन अमित मधोलिया की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी। इस दौरान वहां दो फार्म हाउस सील किए गए थे। सीलिंग की इस कार्रवाई के दौरान डीटीपी प्रवर्तन के अलावा एटीपी सुमित मलिक, दिनेश सिंह, रोहन, शुभम आदि स्टाफ मौजूद रहा था। अधिकारियों ने सीलिंग की कार्रवाई तो कर दी, लेकिन इस बारे में यह बताने से कतरा रहे है कि आखिर सील किए गए फार्म हाउस के मालिक कौन हैं। कोई भी प्रशासनिक अधिकारी इस बारे में खुलकर नहीं बोल रहा है। सोहना प्रशासन ने स्वीकार किया है कि उपरोक्त सील किया गया एक फार्म हाउस दलेर मेहंदी परिवार से ताल्लुक रखता है, लेकिन अधिकारिक रूप से वह भी इस मामले में कुछ भी कहने से बचते रहे। गुरुग्राम के जिला नगर एवं ग्राम आयोजना अधिकारी अमित मधोलिया ने बताया कि हमने रोजका गुजर गांव में दमदमा झील पर एक द्वीप पर स्थित 3 अनधिकृत फार्महाउस को सील कर दिया है। ये 3 संपत्तियां कृषि भूमि पर बनी हैं।

# देश के 37 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में गाजियाबाद चौथे स्थान पर, सालभर में लाखों फाइलों का निस्तारण

**गाजियाबाद।** लंबित फाइलों और अन्य प्रकरणों को निस्तारित करने के मामले में गाजियाबाद क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय देश के 37 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में चौथे स्थान पर रहा। दो साल से लंबित पड़ी लाखों फाइलों को बीते एक साल में निस्तारित कर गाजियाबाद कार्यालय ने यह मुकाम हासिल किया है। पिछले दिनों विदेश मंत्रालय द्वारा देश भर के सभी क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के नियमित कामकाज की समीक्षा की गई थी। इस दौरान सभी कार्यालयों में कर्मचारियों की कार्यशैली व लंबित मामलों का आकलन किया गया, जिसके बाद गाजियाबाद कार्यालय को यह उपलब्धि हासिल हुई है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी सुब्रतो हाजरा ने बताया कि विदेश मंत्रालय के निदेर्शानुसार पासपोर्ट आवेदकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।पासपोर्ट कार्यालय में लंबित फाइलों के निस्तारण के लिए गाजियाबाद पासपोर्ट कार्यालय ने विशेष अभियान चलाया गया।



इस दौरान प्रत्येक माह चारों शनिवार को अवकाश के दिन कार्यालय खोलकर फाइलों को निस्तारित कराया गया। इसके अलावा पासपोर्ट की लोक अदालत लगाने से भी काफी फायदा हुआ। प्रत्येक लोक अदालत में कई-कई हजार फाइलों का निस्तारण किया गया। लंबित फाइलों के आवेदक अगर संबंधित दस्तावेज पेश कर पाए तो उनका पासपोर्ट जारी कर दिया गया, अगर दस्तावेज नहीं दिए तो फाइल बंद कर दी गई। अहमदाबाद, अमृतसर, अंडमान निकोबार, बरेली, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, कोच्चि, कोयंबटूर, देहरादून, दिल्ली, गाजियाबाद, गोवा, गुवाहटी, हैदराबाद, जयपुर, जालंधर, जम्मू, कोलकाता, कोझिकोड, लखनऊ, मदुरै, मुंबई, नागपुर, पटना, पुणे, रायपुर, रांची, शिमला, श्रीनगर, सूरत, तिरुचिरापल्ली, त्रिवेंद्रम, विजयवाड़ा, विशाखापटनम।

## सिद्धार्थ विहार और नोएडा में जल्द होगी गंगाजल की आपूर्ति

**गाजियाबाद।** सिद्धार्थ विहार और नोएडा में 50 क्यूसेक गंगाजल आपूर्ति देने के लिए बनाए जा रहे ट्रीटमेंट प्लांट की बाधा दूर हो गई है। एक प्राइवेट व्यक्ति की जमीन पाइप लाइन बिछाने में बाधक बन रही थी, अब जल निगम और जमीन मालिक के बीच सहमति बन गई है। जल निगम के अधिकारी अब बाकी कार्यों को पूरा कर जनवरी में इस प्लांट को चालू कर आपूर्ति शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। सिद्धार्थ विहार में जल निगम की ओर से 304 करोड़ की लागत से 50 क्यूसेक क्षमता का गंगाजल प्लांट बनाया जा रहा है। इसमें आवास विकास परिषद और नोएडा अथॉरिटी की साझेदारी है। इस प्लांट से 37.5 क्यूसेक गंगाजल नोएडा की कॉलोनियों को और 12.5 क्यूसेक आवास विकास परिषद की सिद्धार्थ विहार कॉलोनी में आपूर्ति की जाएगी। जल निगम के अधिकारियों ने यूपी विधानसभा चुनाव से पहले इस प्लांट का निर्माण पूरा कर गंगाजल आपूर्ति किए जाने का दावा किया था लेकिन प्लांट का निर्माण समय पर पूरा नहीं हो पाया। अब इस प्लांट का निर्माण पूरा होने के बाद मशीनें भी लगा ली गई हैं। 15 जनवरी के बाद मशीनों का ट्रायल किया जाएगा। जल निगम के अधीक्षण अभियंता वाईपी शर्मा का कहना है कि प्लांट से गंगाजल आपूर्ति में सबसे बड़ी बाधा नोएडा और गाजियाबाद के बीच डाली गई पाइप लाइन को जोड़ने में आ रही थी। एक प्राइवेट प्लॉट के नीचे



से पाइप लाइन डाली जानी थी, लेकिन प्लॉट मालिक ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी थी। यह मामला अब सुलझ गया है। नोएडा अथॉरिटी प्लॉट की कीमत मालिक को चुकाएगी। इसके बाद पाइप लाइन मिलान का काम भी पूरा हो जाएगा। सिद्धार्थ विहार में 50 क्यूसेक गंगाजल प्लांट का निर्माण वर्ष 2018 में शुरू किया गया था। मसूरी गंगनहर से सिद्धार्थ विहार तक रॉ वाटर (बिना शोधित किया गया पानी) प्लांट तक लाने के लिए 1500 एमएम व्यास की 20 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन डाली गई है।

एनएच-9 का निर्माण पूरा होने से पहले यह काम पूरा कर लिया गया था। इसके बाद प्लांट का निर्माण पूरा किया गया। प्लांट चालू हो जाने के बाद सिद्धार्थ विहार में आवास विकास परिषद की कॉलोनी में पानी आपूर्ति का संकट दूर हो जाएगा। इस क्षेत्र में करीब एक लाख की आबादी रह रही है लेकिन नगर निगम की ओर से यहां पानी की आपूर्ति नहीं है। आवास विकास परिषद फिलहाल नलकूप लगाकर पानी की आपूर्ति कर रहा है। आने वाले समय में यहां आबादी और बढ़ेगी तो पानी का संकट नहीं होगा।

## जीडीए ने 4 करोड़ की जमीन को कराया कब्जामुक्त

**गाजियाबाद।** प्रताप विहार में कब्जा की गई जीडीए की जमीन को बृहस्पतिवार को खाली कराया गया। जीडीए की टीम ने चार करोड़ की जमीन पर बने तबेले सहित अन्य अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। तबेला संचालक पर जीडीए के अभियंता और प्रवर्तन प्रभारी को धमकाने का भी आरोप है। जोन- चार के प्रवर्तन प्रभारी आरके सिंह ने बताया कि प्रताप विहार में महेश यादव से 200 वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। जमीन पर टीन शेड के निर्माण थे और तबेले में आठ भैंसे थीं जिनको वहां से हटाया गया।

## दिल्ली-मेरठ हाईवे पर जल्द फर्राटा भरेंगे वाहन

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ हाईवे पर मेरठ रोड तिराहे से मुरादनगर तक 15 किली लंबे मार्ग पर वाहन फर्राटा भरेंगे। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (एनसीआरटीसी) के प्राथमिकता खंड के साथ दुहाई से मुरादनगर तक दूसरे खंड में निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। ऐसे में एनसीआरटीसी की ओर से इस हिस्से से तेजी से बेरिकेडिंग हटाना शुरू कर दिया है।

15 किमी के हिस्से में 95 फीसदी बेरिकेडिंग हटाई जा चुकी है। मेरठ रोड पर हाईवे के दोनों ओर चार-चार लेन में वाहन फर्राटा भरने लगे हैं। ऐसे में दुहाई और मुरादनगर में लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिल गई है। मेरठ रोड पर रोजाना लगने वाला जाम शुक्रवार को देखने को



नहीं मिला। खासकर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से सटे दुहाई रैपिड रेल स्टेशन के आसपास वाहन बिना किसी जाम में फंसे आते जाते नजर आए। बेरिकेडिंग हटने से सबसे ज्यादा राहत मोदीनगर और मुरादनगर वासियों के साथ मेरठ से रोजाना आने जाने वाले लोगों को मिली है। अब लोग टोल से बचने के लिए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर जाने की जगह मेरठ रोड का इस्तेमाल करते हुए नजर आएंगे। मुख्य ट्रायल रन की तैयारी, डिवाइडर का तेजी से निर्माण रैपिड रेल के साहिबाबाद से दुहाई तक 17 किमी लंबे प्राथमिकता खंड का मुख्य ट्रायल रन इसी माह प्रस्तावित है।

ऐसे में प्राथमिकता खंड के साथ दूसरे खंड में मुरादनगर तक बैरीकेडिंग हटाने के बाद डिवाइडर का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। डिवाइडर का निर्माण कार्य चलने के कारण दुहाई और मोदीनगर के दो स्थानों पर पांच फीसदी हिस्से में बेरीकेडिंग का सिर्फ एक तरह से हिस्सा हटाया गया है। दो-तीन दिन में डिवाइडर का निर्माण कार्य पूरा होते ही बेरीकेडिंग को पूरी तरह से हटा दिया जाएगा। मुख्य ट्रायल रन के मद्देनजर रैपिड रेल गुलधर स्टेशन से दुहाई डिपो के बीच ओवर हेड इक्विपमेंट (ओएचई) लाइन का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है।

## डेयरी में आग लगने से डेयरी संचालक की जलने से मौत, 8 पशु भी आग की चपेट में आए

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की संगम विहार कॉलोनी स्थित एक डेयरी में देर रात आग लग गई। आग लगने से डेयरी में बंधे हुए 8 पशु व डेयरी संचालक की जल कर मौत हो गई। आग लगने के कारणों का पता किया जा रहा है। बेहटा हाजीपुर नहर रोड स्थित गोल्डी पब्लिक स्कूल के पास एक डेयरी में अचानक रात में आग लग गई। डेयरी में कई पशु बंधे हुए थे। आग इतनी जबरदस्त थी कि डेयरी में बंधे 8 पशुओं की आग में जलने से मौत हो गई। डेयरी के अंदर ही संचालक भी आग में फंस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। आग लगने के कारणों का पता किया जा रहा है। शुरूआती जांच में अंदेशा जताया जा रहा है कि आग



शॉर्ट सर्किट होने के कारण लगी है। ढिकोली जिला बागपत के रहने वाले 69 वर्षीय सत्यवीर सिंह 25 सालों से संगम विहार कालोनी में परिवार के साथ रहते थे। उनकी कालोनी में बेहटा हाजीपुर नहर रोड पर भैंस डेयरी है।

देर रात वह डेयरी के अंदर कमरे में सो रहे थे। कमरे में कुछ पशु भी बंधे थे। अचानक करीब 11:30 बजे कमरे में आग लग गई। आग लगी देखकर आसपास के लोगों ने परिजनों के साथ मिलकर पानी डाला।

आग बुझने तक डेयरी संचालक व पशुओं की मौत हो गई थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना की सूचना पर लोनी एसडीएम हिमांशु वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के बाद परिजनों को आर्थिक मदद का आश्वासन दिया।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.